पॉवर सिस्टम ऑपरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड
(केन्द्रीय मानव संसाधन विभाग)

संदर्भ: के.का/ हिन्दी कार्यशाला कार्यवृत्त /2022 दिनांक: 08-04-2022

हिन्दी कार्यशाला का कार्यवृत्त

गृह मंत्रालय के राजभाषा अनुभाग के दिशा निर्देशों के अनुसार पॉवर सिस्टम ऑपरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड कार्यालय में दिनांक 29 मार्च 2022 को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया । कोविड-19 की स्थिति में सुधार को देखते हुए यह कार्यशाला कार्यालय के सम्मलेन कक्ष में ऑफलाइन मोड में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में "हिन्दी वाक्य वर्तनी/व्याकरण एवं हिन्दी पत्र लेखन अभ्यास" विषय पर बाहरी संकायों श्री आलोक अधिकारी, उप प्रबंधक(राजभाषा), एनटीपीसी एवं सुश्री सुनीता यादव, प्राध्यापक, हिन्दी शिक्षण योजना द्वारा व्याख्यान दिया गया।
सर्वप्रथम राजभाषा अधिकारी ने राष्ट्रगान के साथ समयानुसर प्रातः 1000 बजे अतिथि देवो भवः की परंपरा का निर्वाह करते हुए बाह्य संकाय श्री आलोक अधिकारी और सभी नामांकित कार्मिकों का हार्दिक अभिनंदन किया एवं कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के स्वागत वक्तव्य के साथ श्री आलोक जी को अपने व्याख्यान देने हेतु विनम्र अनुरोध किया गया गया।

1.0 संकाय ने प्रथमतः अपने परिचय देने के पश्चात सभी का परिचय लिया, इसके साथ उन्होने राजभाषा हिंदी की प्रारम्भिक सफर से लेकर राजभाषा बनने तक की यात्रा को सभी के सामने बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया और संविधान में दर्शाये गए उसके महत्व को सभी के समक्ष रखा।

2.0 श्री आलोक जी ने हिन्दी भाषा में देवनागरी लिपि के वैज्ञानिकता को सांझा किया और साथ ही उदाहरण देकर सभी तथ्य को भी दर्शाया।

3.0 श्री आलोक जी ने हिन्दी में स्वरों एवं व्यंजनों की संख्या एवं उसके सटीक प्रयोग के साथ उच्चारण के आधार पर उनके विभिन्न भेद को बतलाया और साथ ही सभी कार्मिकों से 1-1 कर स्वरों एवं व्यंजनों के समस्याओं पर चर्चा भी की।

4.0 कार्यशाला में अर्थात 1300 बजे राजभाषा अधिकारी ने सभी हिन्दी विद्वानों/मनीषियों का इस हिन्दी कार्यशाला से जुडने हेतु हार्दिक धन्यवाद दिया।

5.0 भोजन के पश्चात दोपहर 1400 बजे से अधोहस्ताक्षरकर्ता ने तृतीय सत्र में सुश्री सुनीता यादव जी का स्वागत किया, इसके पश्चात सुश्री सुनीता यादव जी ने सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए हिन्दी शब्द शैली पर एक प्रदर्शन भी दिखलाया।

6.0 हिन्दी शब्द शैली के पश्चात सुश्री सुनीता जी ने शब्दों के रूप को किसी वाक्य में किस तरह प्रयोग किया जाता है उसपर उन्होने चर्चा की और पत्र लेखन के अलग अलग रूप कार्यालयी पत्र से लेकर निजी पत्र तक के भेद को दर्शाते हुए उन्होने पत्र का एक प्रारूप उदाहरण के तौर पर सभी के समक्ष रखा।

7.0 सुश्री यादव जी ने बारी बारी से सभी नामांकित कार्मिकों से अलग अलग विषय से संबन्धित पत्रों का अभ्यास करवाया, जिससे सभी कार्मिकों ने हिन्दी में पत्र को लिखा।

8.0 कार्यशाला के चतुर्थ सत्र में संध्या 1530 बजे से सुश्री यादव जी ने सभी कार्मिकों के समक्ष पत्र लेखन पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसके लिए उन्होने हिन्दी में पत्र लिखने हेतु 1 प्रश्न दिया, जिसमें सभी कार्मिकों को अपने अनुसार उस विषय पर पत्र लिखना था।

9.0 सभी कार्मिक इस प्रतियोगिता में शामिल हुए और सभी ने समय के अनुसार अपने द्वारा लिखे गए पत्र को को जमा किया, इसके पश्चात सुश्री यादव जी ने व्याकरण, वाक्य वर्तनी, शुद्धता एवं प्रकरण के आधार पर सभी लिखे गए आवेदन पत्रों का मूल्यांकन कर 3 कार्मिकों को विजेता घोषित किया।

8.4.22

10.0 कार्यशाला के अंत में सभी कार्मिकों द्वारा फीडबैक लिया गया, सभी से सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली और सभी ने आगे से हिंदी में कार्य करने की बात कही और सबसे अंत में अधोहस्ताक्षर्कर्ता ने सभी प्रतिभागियों को पोसोको द्वारा आयोजित कार्यशाला में पधारने पर धन्यवाद दिया।

हिंदी कार्यशाला आयोजन के पीछे एक ही उद्देश्य था कि कार्यालय के सभी कार्मिकगण को हिंदी में कार्य करने हेतु आकर्षित किया जा सके, कार्यशाला के दौरान इसका सकारात्मक रूप देखने को प्राप्त हुआ और अंततः हम यह कह सकते हैं कि कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन सफल रहा।

(मो॰ इसलाम खान)
राजभाषा अधिकारी

कार्यपालक निदेशक (मा.सं)